वस्तुस्थिति रिपोर्ट

विषयः– **दिनांक 12.10.2017 को डेली न्यूज जयपुर में प्रकाशित खबर हादसो को आमंत्रण देती क्षतिग्रस्त सड़के** (आपका ई–मेल दिनांक 13.10.2017)

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासांगिक पत्र के क्रम में अनुरोध है कि डेली न्यूज जयपुर में प्रकाशित खबर दिनांक 13.10.2017 (हादसो को आमंत्रण देती क्षतिग्रस्त सड़के) की वस्तुस्थिति की रिपोर्ट निम्न प्रकार हैः–

1. **माधोराजपुरा–निवाई एवं माधोराजपुरा चादमा कला बिसालू सड़कः–** माधोराजपुरा से निवाई सड़क फागी ब्लॉक में अन्तर्गत आती है। जिसकी लम्बाई इस खण्ड के अन्तर्गत 16.00 किमी है, जो कि माधोराजपुरा से चादमां कला होते हुये बिसालू तक जाती है। यह ग्रामीण सड़क है एवं सड़क वर्तमान में क्षतिग्रस्त है परन्तु पेचेबल है। इस सड़क पर पेच मरम्मत का कार्य उपलब्ध बजट एवं वरीयता के अनुसार कराया जा सकेगा।
2. **माधोराजपुरा से बीची सड़कः–** यह सड़क ब्लॉक फागी के अन्तर्गत आती है इसकी लम्बाई 6.00 किमी है। यह सड़क नॉन पेचेबल है तथा ग्रामीण सड़क है। यह सड़क के नवीनीकरण की स्वीकृति **आर.आई.डी.एफ–23** के अन्तर्गत प्राप्त हुई है, जिसकी निविदा प्राप्त कर ली गई है एवं **एल.ओ.ए.** जारी कर दिया गया है, जिस पर नवीनीकरण का कार्य शीघ्र करवा दिया जायेगा।
3. **जसवालो की ढाणी से चितौडाः–** यह सड़क फागी ब्लॉक के अन्तर्गत आती है। इसकी कुल लम्बाई 3.00 किमी है तथा यह भी ग्रामीण सडक है। यह सड़क वर्तमान में क्षतिग्रस्त है, परन्तु पेचेबल है। यह सडक गारन्टी अवधि के अन्तर्गत नहीं है। इस सड़क पर भी पेच मरम्मत का कार्य उपलब्ध बजट एवं वरीयता के अनुसार कराया जा सकेगा।
4. **चितौड़ा से पीपला सड़कः–** यह सड़क फागी ब्लॉक की ग्रामीण सड़क है। जिसकी कुल लम्बाई 5.00 किमी है। वर्तमान में सड़क आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। इस सड़क की लम्बाई को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेज–द्वितीय) में **हरसूलिया से कादेड़ा थ्रू रूट (वर्ष 2017–18) में सम्मिलित किया गया है।** जिसकी स्वीकृति अपेक्षित है। स्वीकृति प्राप्त होते ही थ्रू रूट के अन्तर्गत उन्नयन का कार्य करवा दिया जायेगा।
5. **गोपालपुरा से पीपला सड़कः–** यह सड़क फागी ब्लॉक के अन्तर्गत आती है। जिसकी कुल लम्बाई 4.500 किमी है। यह वर्तमान में क्षतिग्रस्त है। इस सड़क की पूर्ण लम्बाई जयपुर विकास प्राधिकरण **(जेडीए)** के क्षेत्राधिकार में आती है। इस सड़क की मरम्मत के लिए जेडीए क अधिकारी का (अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता) को सूचित कर दिया गया है। परन्तु अभी तक उनके द्वारा मरम्मत नहीं करवाई गयी है।
6. **पीपला से मस्ता सड़कः–** यह सड़क भी फागी ब्लॉक की ग्रामीण सड़क है। जिसकी कुल लम्बाई 4.480 किमी है। वर्तमान में यह सड़क क्षतिग्रस्त है। इस सड़क की लम्बाई भी पीएमजीएसवाई (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत **हरसूलिया से करेड़ा थ्रू रूट में वर्ष 2017–18 हेतु प्रस्तावित की गयी है।** जिसकी स्वीकृति प्राप्त होने ही इसके उन्नयन का कार्य करवा दिया जायेगा।
7. **मांदी से समेलिया सड़कः–** यह सड़क भी फागी ब्लॉक की ग्रामीण सड़क है। जिसकी कुल लम्बाई 10.00 किमी है। यह सड़क फागी से समेलिया का भाग है। जिसमें 2.500 किमी का नवीनीकरण का कार्य **आरआईडीएफ–22** के अन्तर्गत करवा दिया गया है तथा शेष लम्बाई 7.500 किमी के कार्य की नवीनीकरण की स्वीकृति **नॉन–पेचेबल योजना** के अन्तर्गत प्राप्त हो चुकी है। जिसकी निविदाऐं आमंत्रित कर ली गयी है एवं दिनांक 26.10.2017 को खोली जायेगी।
8. **चादमां कलां से आनरोटा सड़कः–** यह सड़क भी फागी ब्लॉक की ग्रामीण सड़क है। जिसकी लम्बाई 2.950 किमी है। वर्तमान में यह सड़क क्षतिग्रस्त है परन्तु पेचेबल है। इस पर पेच मरम्मत का कार्य उपलब्ध बजट एवं वरीयता के अनुसार कराया जा सकेगा।
9. **चादमां कलां–चादमां खुर्द सड़कः–** यह सड़क फागी ब्लॉक की ग्रामीण सड़क है। जिसकी कुल लम्बाई 3.850 किमी है। वर्तमान में यह सड़क क्षतिग्रस्त परन्तु पेचेबल है। इस सड़क पर पेच मरम्मत का कार्य उपलब्ध बजट एवं वरीयता के अनुसार कराया जा सकेगा।
10. **चादमां कला से भानपुरा सड़कः–** यह सड़क फागी ब्लॉक की ग्रामीण सड़क है। जिसकी कुल लम्बाई 3.700 किमी है। वर्तमान में यह सड़क नॉन–पेचेबल है। जिसकी कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं है। राज्य सरकार द्वारा प्राप्त स्वीकृति एवं बजट की उपलब्धता के अनुसार कार्य करवाया जाना संभव होगा।

अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि., खण्ड–चाकसू, जयपुर

पता–कोटखावदा मोड़, डाक बंगला केम्पस, चाकसू फोन नं. 01429–243969 ई–मेल eepwdchaksu@gmail.com